# स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट की सामग्री जांचेंगे आईआईटी के एक्सपर्ट

## प्रोजेक्ट का मैनेजमेंट देखेंगे सीआईएमपी के छात्र

सिटी रिपोर्टर | पटना

पटना स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत होने वाले निर्माण कार्यों में लगने वाली सामग्री की गुणवत्ता की जांच करने की जिम्मेदारी आईआईटी पटना को दी गई है। इसके लिए आईआईटी के प्रोफेसर, वास्तुविद और सिविल इंजीनियर की एक्सपर्ट टीम बनी है।

एक्सपर्ट टीम के साथ-साथ आईआईटी के छात्र भी गुणवत्ता की जांच करेंगे। वहीं, सीआईएमपी के छात्रों को प्रोजेक्ट मैनेजमेंट की जिम्मेदारी दी गई है। वे देखेंगे कि निर्माण कार्य शहरी क्षेत्र और सुविधाओं को ध्यान में रखकर किया जा रहा है या नहीं? किसी भी प्रोजेक्ट की डीपीआर की भी आईआईटी पटना की एक्सपर्ट टीम जांच करेगी। इसके बाद ही प्रोजेक्ट को आगे की प्रक्रिया शुरू करने के लिए मंजूरी दी जाएगी।

स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत कुछ का काम शुरू हो गया है, कुछ का सर्वे चल रहा है, तो किसी की प्रोजेक्ट डिटेल रिपोर्ट तैयार की जा रही है। इन प्रोजेक्ट पर होना है काम : अदालतगंज तालाब का जीर्णोद्धार, वीरचंद पटेल मार्ग, जनसेवा केंद्र, गांधी मैदान में सास्कृतिक कार्यक्रम के लिए एलईडी स्क्रीन, स्मार्ट रोड नेटवर्क, रेलवे स्टेशन एरिया का विकास, इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर, बाकरगंज नाला, अर्बन इंक्यूबेशन सेंटर कम इंटरनेशनल लाइब्रेरी, मल्टी यूटिलिटी स्मार्ट पोल, सरकारी स्कूलों में स्मार्ट क्लास रूम, मंदिरी नाले का विकास, पटना सिटी मोट नाला, सर्पेंटाइन नाला, ट्रांसपोर्ट नगर का जीर्णोद्धार, ड्रामा स्कूल राजेंद्रनगर, अंडरग्राउंड यूटिलिटी डस्ट, पटेल नगर नाला, सरकारी बिल्डिंग पर सोलर प्लेट आदि।

Scanned with
CamScanner

Dainik Bhaskar ! Page.No-02
Dated:08-07-2019